बीईसीई-141

बीए अर्थशास्त्र (ऑनर्स)
(बीएईसीएच)

सत्रीय कार्य
(2026-27)

पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.सी.ई.–141
पाठ्यक्रम का शीर्षक : स्वास्थ्य एवं शिक्षा का अर्थशास्त्र

समाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली– 110068

बीईसीई–141
स्वास्थ्य एवं शिक्षा का अर्थशास्त्र
सत्रीय कार्य (टीएमए)
2026–27

कार्यक्रम कोडः बीएईसीएच
पाठ्यक्रम कोड :बी.ई.सी.ई.–141

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि बीएजी की कार्य क्रम दर्शिका में बताया गया है, आपको अर्थ शास्त्र के इस वैकल्पिक पाठ्य क्रम (बी.ई.सी.ई. –141) के लिए एक सत्रीय कार्य करना होगा। यह एक शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए) है और इसके 100 अंक नियत हैं।

यह महत्वपूर्ण है कि आप सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। टी एमए को आपको विभिन्न श्रेणियों के प्रश्नों के उत्तर देने में सक्षम बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यहां मूल्यांकन आपके उत्तर को व्यवस्थित, सटीक और सुसंगत तरीके से प्रस्तुत करने की आपकी क्षमता को ध्यान में रखकर किया गया है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। भाग क में 20–20 अंकों के दो दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। भाग ख में 10–10 अंकों के तीन प्रश्न हैं जबकि भाग ग में आपको 15 अंकों के दो प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

जमा करना : पूर्ण किए गए सत्रीय कार्यों को आपके अध्ययन केंद्र के समन्वयक के पास जमा करना है।

सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि है :

31 मार्च, 2027	**जून 2027 की सत्रांत परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के लिए**
30 सितंबर 2027	**दिसंबर 2027 सत्रांत परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के लिए**

बीईसीई 141 : स्वास्थ्य एवं शिक्षा का अर्थशास्त्र
शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए)

पाठ्यक्रम कोडः बीईसीई-141
सत्रीय कार्य कोडः एएसटी/टीएमए/2026-27
कुल अंक : 100

सत्रीय कार्य-1

निम्नलिखित वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्नों का उत्तर लगभग 500 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। **2×20=40**

1) (क) स्वास्थ्य क्षेत्र में बाजार विफलता (Market Failure) की अवधारणा की व्याख्या कीजिए।

(ख) स्वास्थ्य बाजारों में सरकार के हस्तक्षेप के प्रमुख कारणों की चर्चा कीजिए तथा स्पष्ट कीजिए कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएँ इन विफलताओं को किस प्रकार दूर कर सकती हैं।

2) मानव पूंजी में निवेश के रूप में शिक्षा की व्याख्या कीजिए। चर्चा कीजिए कि शिक्षा किस प्रकार व्यक्ति की उत्पादकता, आय तथा आर्थिक विकास में वृद्धि करती है।

सत्रीय कार्य-2

निम्नलिखित मध्यम श्रेणी के प्रश्नों का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का हैं। **3×10=30**

3) निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए :

(क) मानव पूंजी निर्माण

(ख) नैतिक जोखिम

(ग) सूचना विषमता

(घ) स्वयं के व्यय से स्वास्थ्य खर्च

4) स्वास्थ्य कार्यक्रमों के मूल्यांकन हेतु लागत–लाभ विश्लेषण (Cost-Benefit Analysis) तथा लागत–प्रभावशीलता विश्लेषण (Cost-Effectiveness Analysis) में अंतर स्पष्ट कीजिए।

5) उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से प्रतिकूल चयन (Adverse Selection) तथा मेरिट वस्तु (Merit Good) की अवधारणा की व्याख्या कीजिए।

सत्रीय कार्य-3

निम्नलिखित लघु श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है। 5×6=30

6) लैंगिक समायोजित स्वास्थ्य समानता (Gender Adjusted Health Equality - GAHE) की अवधारणा की व्याख्या कीजिए।

7) शिक्षा में निजी प्रतिफल (Private Returns) तथा सामाजिक प्रतिफल (Social Returns) के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।

8) भौतिक पूंजी (Physical Capital) तथा मानव पूंजी (Human Capital) में अंतर बताइए।

9) स्पष्ट कीजिए कि स्वास्थ्य किस प्रकार उपभोग वस्तु (Consumption Good) तथा निवेश वस्तु (Investment Good) दोनों है।

10) स्वास्थ्य अर्थशास्त्र में सांद्रता वक्र (Concentration Curve) की अवधारणा की व्याख्या कीजिए।